तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 3 दिसंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 झाल में एनएसएस लगा शिविर : 45 युवाओं से रूबरू हुईं ...

13 रुक्मिणी विवाह प्रसंग पर पंडित राजेश शर्मा...


# वन मंत्री केदार कश्यप ने किया गिधवा-परसदा पक्षी विहार का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग मंत्री केदार कश्यप ने नवागढ़ ब्लॉक स्थित प्रसिद्ध गिधवा–परसदा पक्षी विहार का दौरा किया। यह स्थल अपने प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण तथा हर वर्ष बड़ी संख्या में आने वाले प्रवासी पक्षियों के लिए जाना जाता है। मंत्री श्री कश्यप ने यहां विभिन्न तालाबों, प्राकृतिक आर्द्रभूमि, संरक्षण क्षेत्रों तथा प्रवासी पक्षियों के आसरे स्थलों का निरीक्षण कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव, मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक अरुण पांडे, कलेक्टर रणवीर शर्मा,मुख्य वन संरक्षक दुर्ग सुश्री एम. मर्सी बेला, वन मंडलाधिकारी दुर्ग दीपेश कपिल, एसडीएम दिव्या पोटाई उपस्थित थे ।

वन मंत्री श्री कश्यप ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रवासी पक्षियों के सुरक्षित प्रवास हेतु वेटलैंड क्षेत्र में मानवीय हस्तक्षेप न्यूनतम रखा जाए। अवैध शिकार, शोर-शराबा एवं अनियंत्रित मानव गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित किया जाए। तालाबों में जल का स्तर एवं प्राकृतिक आहार व्यवस्था संतुलित बनाए रखने हेतु वैज्ञानिक प्रबंधन अपनाया जाए। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि गिधवा–परसदा पक्षी विहार को राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय ▶▶| शेष पेज 13 पर

## प्रवासी पक्षियों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु किए महत्त्वपूर्ण निर्देश



### प्रवासी पक्षियों की प्रजातियों, संख्या और प्रवास चक्र की ली जानकारी

अपने निरीक्षण के दौरान वन मंत्री ने अधिकारियों से वर्तमान मौसम में गिधवा–परसदा पहुंची प्रवासी पक्षियों कि प्रजातियों, अनुमानित संख्या, प्रवास काल, आहार प्रणाली तथा प्रजनन व्यवहार के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से बारहेड गूज, नॉर्दर्न शवलर, कॉमन टील, पिनटेल डक, पेंटेड स्टॉर्क, ओपनबिल्ड स्टॉर्क, ब्लैक-नेक्ड स्टॉर्क, सारस क्रेन सहित कई विदेशी प्रजातियों के आगमन पर संतोष व्यक्त किया। मंत्री ने कहा कि गिधवा–परसदा वेटलैंड राज्य ही नहीं, बल्कि देश के प्रमुख बर्ड-वॉचिंग स्थल के रूप में उभर रहा है।

### स्थानीय ग्रामीणों से की बातचीत सुझाव भी मांगे

दौरे के दौरान मंत्री श्री कश्यप ने आसपास के ग्रामीणों से चर्चा कर पक्षी विहार से जुड़े उनके अनुभव एवं सुझाव भी सुने। ग्रामीणों ने बताया कि हर वर्ष अक्टूबर–मार्च के दौरान पक्षियों के आगमन से क्षेत्र में पर्यावरणीय गतिविधियां और पर्यटन बढ़ता है। मंत्री ने कहा कि गिधवा–परसदा के विकास में स्थानीय समुदाय की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

## खबर संक्षेप

### पूर्व गृहमंत्री से भेंट कर दिया आमंत्रण

**नांदघाट।** कांग्रेस नेता आरिफ बांठिया ने पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज ताहु से भेंट कर छेत्रीय संगठनात्मक राजनीतिक घटनाक्रमों की जानकारी दे नांदघाट नवागढ़ में आगमन का निवेदन किया।

### पक्षी मेला की तैयारी का निरीक्षण करने गिधवा पहुंचे वनमंत्री

**नांदघाट।** आगामी 6 - 7 दिसंबर को पक्षी विहार में आयोजित पक्षी मेला की तैयारी का निरीक्षण करने स्वयं वन मंत्री केदार कश्यप प्रवासी पक्षियों के आश्रय स्थल गिधवा पहुंचे । प्रशासनिक अमले के साथ जिला अध्यक्ष भाजपा अजय साहू जिला उपाध्यक्ष भाजपा व कृषिसमिति सभापति अंजय बघेल मंडल अध्यक्ष राकेश राजपूत सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रतिमा चौबे ने शाउमावि मगरघटा के नए प्राचार्य का पदभार किया ग्रहण

**नांदघाट।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरघटा में नव पदस्थ प्राचार्य श्रीमति प्रतिमा चौबे ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य संजय त्रिवेदी, बलदाउ प्रसाद पटेल, गनपत नाविक, मुकेश देवांगन, भूपेंद्र श्रीवास, भुवनेश्वरी ठाकुर देवांगन मैडम मधुकर श्रीकांत यादव मैडम परघानिया मैडम टी आर वर्मा शाविस अध्यक्ष सीताराम साहु, सदस्य लेखराम साहु ने प्रसन्नता व्यक्त कर शुभकामनाए दी।

### तीन बाइक चोरी जांच में जुटी पुलिस

**भिलाई।** दुर्ग जिले में तीन वाहन चोरी का मामला सामने आया है। एक जामुल और दो कुम्हारी थाना क्षेत्र का मामला है। पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार वार्ड 09 शुक्रवारी बाजार के पास गुढ़ियारी रायपुर ने गोवर्धन शर्मा ने जामुल थाना पुलिस को शिकायत में बताया कि वे माया मैरिज हाल नालंदा स्कूल के पास कुरूद में हलवाई का काम करने गया था। 29 नवंबर को रात्रि करीबन 1.30 बजे हीरो होण्डा वाहन क्रमांक सीजी 12 एआर 2589 को माया मैरिज भवन के सामने खड़ी कर अंदर चला गया था।

## लागू होने के 14 वर्ष बाद भी शिकायते सिफर भ्रष्टाचार को मिला बल

# जागरूकता के आभाव मे लोक सेवा गारंटी अधिनियम से लोग अनभिज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सुशासन की दृष्टि से आम जनता को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओ, कार्यक्रमो एवं सेवाओ का लाभ निर्धारित समय सीमा मे सुगमता से उपलब्ध कराने के लिए सन 2011 मे लोक सेवा गारंटी अधिनियम लागू किया गया। इसके अंतर्गत निर्धारित समय सीमा मे लोगो को सार्वजनिक सेवाएँ प्रदान करने के लिए अनिवार्य भी किया गया है उक्त कार्य मे अनियमितता बरतने वाले अधिकारी, कर्मचारी दंड के उत्तरदायी होंगे।मगर अधिनियम लागू होने के 14 साल बाद भी आमजन मे जागरूकता नहीआयीं संवैधानिक अधिकार का उपयोग करने मे लोग पिछे रहे यही कारण है कि आज जिले के प्रमुख विभागो मे भ्रष्टाचार का बोलबाला है तय समय मे लोगो का काम नही हो रहा है।

■ प्रशासनिक प्रचार प्रसार न होने से हितग्राहीयो को नही मिल रहा लाभ

तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर व कमीश्नर जैसे कार्यालयो मे तो अनेक प्रकरणो के निपटारे मे साल बीत जाता है उसकी वजह कि ▶▶| शेष पेज 13 पर

### 14 वर्ष बाद भी उक्त अधिनियम से अनभिज्ञ है लोग



समूचे देश मे लालफीताशाही की बढती कमजोरी तथा आमजनो की परेशानी के साथ ही भ्रष्टाचार की रोकथाम के लिए समूचे देश मे लोक सेवा गारंटी अधिनियम वर्ष 2011 मे लागू किया गया मगर 14 वर्ष बीत जाने के बाद भी आज लोगो मे जागरूकता नही आयी है इसका बडा कारण है कि प्रशासनिक रूप से भारतीय न्याय संहिता जैसे इस अधिनियम का प्रचार प्रसार नही हुआ या फिर अधिकारीयो की विरूद्ध वाली कानून का सक्षम अधिकारी प्रचार प्रसार ही नही करना चाहते जिससे बीते 14 वर्ष मे कम ही आवेदन लग पाए है अब जागरूकता के साथ इन अधिनियमो का उपयोग करने की आवश्यकता है।

### इन पांच प्रभावी अधिनियम को भी समझना जरूरी

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिह जी के कार्यकाल मे पांच प्रभावी योजना नही बल्कि सीधे जनकल्याणकारी अधिनियम ही बनाये गये जिसमे रोजगार गारंटी अधिनियम-ग्रामीण क्षेत्रों में कम से कम 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने सीधे कानून खाद्य सुरक्षा अधिनियम-उक्त अधिनियम के तहत प्रत्येक परिवार को भरपेट भोजन सरकार की ओर से उपलब्ध करायी जायगी। सूचना का आधिकार-देश मे भ्रष्टाचार मिटाने तथा कार्यो मे पारदर्शीता लाने सूचना का अधिकार अधिनियम लाया गया जिसके तहत आप किसी भी विभाग की जानकारी सहज रूप मे प्राप्त कर सकते है। शिक्षा का अधिकार-इसके तहत समूचे देश मे प्रत्येक बच्चे को शिक्षा मुफ्त मे प्रदान किया जाना है जिसका समाज के अंतिम वर्ग के बच्चों को बडा लाभ मिल रहा है। इस प्रकार नागरीक अपने संवैधानिक अधिकार का उपयोग जागरूकता के साथ करे तो आज देश मे भ्रष्टाचार के खिलाफ एक प्रभावी कदम व शासकीया कार्यो मे गति भी आ सकती है।

### छग लोक सेवा गारंटी अधिनियम-2011 को समझें

इस अधिनियम के तहत प्ररूप-02 नियम-16 के तहत पटवारी से लेकर तहसीलदार अनुविभागीय अधिकारी, कमीशनर, आयुक्त तथा राजस्व सचिव तक सेवाएं प्रदान करने वाले पदाभित अधिकारी, सक्षम अधिकारी तथा अपीली अधिकारी के समक्ष उक्त अधिनियम के तहत आवेदन प्रस्तुत किये जा सकते है। नगरीय क्षेत्र तथा राजस्व से संबंधित कामो मे चालू खसरा, खतौनी, नक्शा की प्रतिलिपि, राजस्व पुस्तक 6 (4) के अंतर्गत प्राकृतिक प्रकोप से शारीरिक अंग क्षति अथवा मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता, शोध क्षमता प्रमाण पत्र, किसान ऋृण पुस्तिका, किसान पुस्तिका डुप्लीकेट, अस्थाई व स्थाई जाति प्रमाण पत्र, निवास, आय प्रमाण पत्र, धारा 59 के तहत पुनर्निर्धारण, आवासीय क्षेत्र, आवासी कालोनी, सार्वजनिक संस्थागत परियोजना, भूमि सीमांकन, विवादित-अविवादित नामांतरण, अविवादित बटवारा तथा निकाय क्षेत्र मे 7500 वर्गफीट भूमि आबंटन, अतिक्रमित भूमि का व्यवस्थापन तथा व्यपवर्तन प्रकरणो का निराकरण 5000 वर्गफीट से अधिक होने जैसे कार्यो के लिए उक्त अधिनियम के अंतर्गत समय सीमा 15 से 30 दिवस निर्धारित किया गया है, तय समय सीमा मे कार्य नही होते है तो शिकायत फिर अपील करने का ▶▶| शेष पेज 13 पर

# नवागढ़ में पानी टैंकर रहस्य सभा में दिखा, दूसरे दिन गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/दाढ़ी

नवागढ़ विधानसभा में पानी टैंकर घोटाले का मामला अब गरमाता जा रहा है। मंगलवार को किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अंजोर दास कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और ग्राम पंचायत ठेंगा भाठ को मिले पानी टैंकर के रहस्यमय तरीके से गायब होने की शिकायत कर भौतिक सत्यापन और कार्रवाई की मांग की। अंजोर दास ने बताया कि ठेंगा भाठ को 15वें वित्त और खनिज मद से मिला पानी टैंकर पंचायत में ही सप्लायर द्वारा खड़ा कर फोटो खिंचवाया गया था। इसी बीच जुलाई में सीएम विष्णुदेव साय नवागढ़ पहुंचे, जहां स्थानीय व्यवस्थाओं के नाम पर यह टैंकर दाढ़ी भेजा गया।

■ किसान कांग्रेस ने भौतिक सत्यापन की मांग की दाढ़ी नगर पंचायत का दावा : टैंकर था ही नहीं

लेकिन असली कहानी सभा के बाद सामने आई जब पंचायत ने टैंकर वापस मंगवाना चाहा तो जवाब मिला— दाढ़ी में तो कोई टैंकर है ही नहीं! स्थानीय लोगों ने बताया—सभा के अगले दिन टैंकर दिखा ही नहीं! अंजोर दास का दावा है कि सभा के बाद जब ग्रामीणों ने खोजबीन की, तो सभी ने एक ही बात कही— जो टैंकर सभा में आया बताया गया, अगले दिन मौके पर नहीं था। करीब एक पखवाड़े बाद, जब पंचायत से टैंकर मांगने लोग पहुंचे, तब पक्का हुआ कि टैंकर गायब हो चुका है।

### नवागढ़ में चोरी नहीं, 'डकैती'- अंजोर दास

किसान कांग्रेस नेता का आरोप है कि- पिछले 22 महीनों में खनिज मद और 15वें वित्त से खरीदे गए टैंकर दो गुने दाम पर खरीदे गए। यह चोरी नहीं बल्कि डकैती है। पंचायतवार भौतिक सत्यापन कराया जाए, घोटालेबाजों की पोल खुलेगी। **सीएमओ दाढ़ी आरके ध्रुव का जवाब-टैंकर था ही नहीं:** सबसे बड़ा मोड़ तब आया जब नगर पंचायत दाढ़ी के सीएमओ आर.के. ध्रुव से जवाब में कहा गया कि सीएम की सभा में जिस टैंकर की बात की जा रही है, वह दूसरे दिन सभा के पास था ही नहीं। पखवाड़े भर बाद जब ग्राम पंचायत वाले टैंकर मांगने आए थे, लेकिन मौके पर टैंकर मौजूद नहीं थे।

### कलेक्टर से कड़ी कार्रवाई की मांग

अंजोर दास ने कलेक्टर को दिए आवेदन में कहा कि दाढ़ी से टैंकर गायब कराने वाले जिम्मेदारों की पहचान की जाए। पिछले 22 महीनों में खरीदे गए सभी टैंकरों का ग्राम पंचायतवार भौतिक सत्यापन कराया जाए। ठेंगा भाठ पंचायत को उसका टैंकर तुरंत वापस दिलाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द जांच न हुई तो वे पूरे मामले को जन आंदोलन का रूप देंगे।

# साजा विधायक ने किया बीईओ दफ्तर का औचक निरीक्षण



**साजा।** विधायक ईश्वर साहू ने आज धमधा विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, विधायक ने कार्यालय के कामकाज की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक ने कार्यालय में उपस्थिति पंजिका, दस्तावेज़ों के रखरखाव और विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की प्रगति की जाँच की।इस निरीक्षण का उद्देश्य कार्यालय की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाना और यह सुनिश्चित करना था कि सरकारी योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू की जा रही हैं। विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# धान खरीदी केंद्रों का कांग्रेस निरीक्षण, किसानों ने दर्ज की गंभीर शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने जिले में चल रहे धान खरीदी में किसानों से शिकायत प्राप्त होने पर बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कठिया एवं किरतपुर सोसाइटी का निरीक्षण किया । जहां अव्यवस्था का आरोप लगाते हुए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि सरकार को किसानों की चिंता नहीं है यह सरकार केवल पूंजी पतियों की सरकार है ,भाजपा सरकार केवल किसानों से वोट चाहती परंतु किसानो की क्या हालत है किसान क्या परेशानी झेल रहे हैं इससे भाजपा सरकार और उनके जन प्रतिनिधियों को कोई लेना-देना नहीं है। इस दौरान सोसाइटी में आए हुए किसानों ने पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा से धान खरीदी में प्रति बोरे की मात्रा अलग-अलग होने की शिकायत दर्ज की जिसमें किसानों ने बताया कि कुछ सोसाइटियों में 40 किलो 700 ग्राम तौल किया जा रहा है और कई जगह 40 किलो 200 ग्राम तौल किया जा रहा है ऐसे में प्रति बोर 500 ग्राम का अंतर आ रहा है । किसानों धान खरीदी केन्द्रों में उन्हें इस माध्यम से अधिक धान लेने के साथ यह भी बताया कि जब धान की तौलाई में हमाली चार्ज शासन द्वारा वहन किया जाना है तो सरकारी सोसाइटियों के द्वारा अवैध रूप से हमाली चार्ज काटा जा रहा है जो सरासर जोर जबरदस्ती लूट रही है इस पर पूर्व विधायक छाबड़ा ने किसानों से कहा कि वे इस विषय पर जिला कलेक्टर से बात करेंगे आखिर अलग-अलग तौल धान खरीदी केन्द्रों पर क्यों किया जा रहा है ,सभी जगह एकरूपता क्यों नहीं है साथ ही साथ पूर्व विधायक ने कहा कि किसानों को पिछले तीन धान खरीदी वर्षों में भाजपा की है सरकार 31 सौ रुपए कि दर से ही धान खरीदी कर रही है जबकि इन तीन वर्षों में तीन बार न्यूनतम समर्थन मूल्य की कीमतों में वृद्धि की जा चुकी है ऐसे में सरकार को न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी का फायदा भी किसानों को देना चाहिए । लेकिन भाजपा अपने किए गए वादों ▶▶| शेष पेज 13 पर

■ किसानों ने बताया-तौल और हमाली चार्ज में हो रही भारी



## निष्क्रिय खातों की राशि शासन को करें हस्तांतरित

# कलेक्टर ने अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए कड़े निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रणवीर शर्मा ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष दिशा भवन में जिला अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं, वित्तीय प्रबंधन, मतदाता सूची पुनरीक्षण तथा धान खरीदी व्यवस्था की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को विभिन्न विषयों पर स्पष्ट एवं समयबद्ध निर्देश दिए। कलेक्टर ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि एक भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि पुनरीक्षण कार्य को मिशन मोड में संचालित करें। प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में जोड़ा जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे पूरी गंभीरता से संपादित किया जाए।

**निष्क्रिय बैंक खातों की राशि अभिलंब शासन को हस्तांतरित करें: कलेक्टर:** बैठक में कलेक्टर ने शासकीय प्रयोजन हेतु खोले गए निष्क्रिय बैंक खातों की जानकारी लेते हुए कहा कि ऐसे खाते जिनमें लगातार दो वर्ष या अधिक समय तक कोई लेन-देन नहीं हुआ है, उन्हें निष्क्रिय माना जाता है। यदि खाता 10 वर्षों तक निष्क्रिय रहता है तो उसमें जमा राशि तथा ब्याज आरबीआई के डिपॉजिटर एजुकेशन एंड अवेयरनेस फंड में स्थानांतरित हो जाता है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने-अपने निष्क्रिय खातों की तत्काल जानकारी संकलित करें । इन-ऑपरेटिव खातों की राशि संबंधित प्रक्रिया के अनुसार शासन को हस्तांतरित करें। खातों को पुनः सक्रिय करने के लिए केवायसी अद्यतन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस कार्य को शीर्ष प्राथमिकता में लेते हुए अभिलंब पूर्ण करें।

### धान खरीदी की सुचारू व्यवस्था करें सुनिश्चित

कलेक्टर ने जिले में चल रही धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कहा कि धान खरीदी शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। किसानों द्वारा बोए गए वास्तविक रकबे के अनुसार ही धान की खरीदी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि खरीदी केंद्रों में सुचारू, पारदर्शी एवं व्यवस्थित व्यवस्था बनाए रखें। सभी पात्र किसानों से बिना किसी बाधा के धान खरीदी की जाए। शासन को भेजी जाने वाली रिपोर्ट में तथ्यात्मक एवं वास्तविक जानकारी ही शामिल हो। कलेक्टर ने कहा कि गलत अथवा भ्रामक जानकारी भेजे जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने शीतकालीन विधानसभा सत्र, लोकसभा एवं राज्यसभा सत्र के दौरान विभागों से संबंधित पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर समय सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की देरी विभागीय दायित्वों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। सभी विभाग उत्तर भेजने में शत-प्रतिशत समयपालन सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री रणवीर शर्मा ने सभी अधिकारियों से आग्रह किया कि वे शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय समर्पण के साथ कार्य करें और जिले के विकास कार्यों को गति प्रदान करें।

### सेल्समैन ही करा रहे थे अवैध शराब की बिक्री

**भिलाई।** नंदिनी थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी मामले में तीन सेल्समैन को गिरफ्तार किया है। बता दें कि गत दिनों पुलिस ने 28 पेटी अवैध शराब सहित लाखों रुपए का माल जब्त किया था। इस मामले में पूर्व में 6 लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। पुलिस ने अब तक कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा है। जानकारी के अनुसार विगत 29 नवंबर को पत्थर खदान नंदिनी खुंदिनी के पास वाहन टाटा सफारी क्रमांक सीजी 04 एचडी 7843 में 28 पेटी देशी मदिरा परिवहन की सूचना पर पुलिस द्वारा नांकेबंदी कर उसे रोका गया।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

